नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajdhani - 25 Sep 2025 - 25raj4
epaper.navabharat.news

# दवाओं के निर्माण से लेकर गुणवत्ता में फार्मासिस्टों की अहम भूमिका

**नवभारत रिपोर्टर। रायपुर।** फार्मासिस्ट केवल दवाएं ही नहीं देते, बल्कि मरीजों को दवाओं की खुराक एवं गुणवत्ता पर नजर रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवा का महत्वपूर्ण स्तंभ होते हैं। 25 सितंबर को विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष-2025 की थीम 'थिंक हेल्थ थिंक फार्मासिस्ट' है। फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया ने सभी राज्यों को फार्मासिस्ट दिवस मनाने के निर्देश दिए हैं। डॉ. भीमराव अम्बेडकर अस्पताल के वरिष्ठ फार्मासिस्ट एवं छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के प्रभारी रजिस्ट्रार अश्वनी गुर्देकर ने कहा कि आम लोग फार्मासिस्टों के बारे में केवल इतना जानते हैं कि वे दवाइयां देते हैं जबकि वास्तविकता यह है कि फार्मासिस्ट गुणवत्तापूर्ण दवाओं के निर्माण से लेकर तर्कसंगत दवाओं के चयन, इलाज में विशेष भूमिका अदा करते हैं।